# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 29.08.2026 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से साझा करेंगे अपने विचार, मासिक रेडियो कार्यक्रम की 137वीं कड़ी।**
2. **रांची के नामकुम अंचल में जमीन की खरीद–बिक्री और राजस्व दस्तावेजों के गायब होने के मामले में एसीबी ने तत्कालीन अंचल अधिकारी समेत तीन के खिलाफ दर्ज की प्राथमिकी।**
3. **नीट यूजी के दूसरे चरण की काउंसलिंग का शेड्यूल जारी, तीन सितंबर से शुरू होगा रजिस्ट्रेशन, 11 सितंबर को जारी होगा सीट आवंटन का परिणाम।**
4. **राज्यभर में अगले चार दिनों तक होगी बारि"ा, संथाल और कोल्हान में आज और कल भारी बारि"ा को लेकर यलो अलर्ट।**
5. **राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को देशभर में दी गई श्रद्धांजलि, आज से सिमडेगा में शुरू होगी हॉकी चैंपियनशिप, 58 टीमों के बीच होंगे 128 मुकाबले।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ सैंतीसवां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़–ऑन–एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

*******************

नामकुम अंचल में जमीन की खरीद–बिक्री और राजस्व दस्तावेजों के गायब होने के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने तीन अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इनमें तत्कालीन अंचल अधिकारी श्वेता वर्मा तथा अंचल निरीक्षक मनोज कुमार और दीपक कुमार शामिल हैं। एसीबी ने इस संबंध में हाईकोर्ट में शपथ पत्र दाखिल कर जानकारी दी है। न्यायमूर्ति राजेश शंकर की अदालत ने एसीबी का पक्ष सुनने के बाद अवमानना याचिका को निरस्त कर दिया।

*******************

नीट यूजी 2026 की दूसरे चरण की काउंसलिंग का शेड्यूल मेडिकल काउंसलिंग कमेटी ने जारी कर दिया है। दूसरे राउंड के लिए रजिस्ट्रेशन और फीस भुगतान 3 से 8 सितंबर तक किया जा सकेगा। वहीं, चॉइस फिलिंग और लॉकिंग की प्रक्रिया 3 से 9 सितंबर तक चलेगी। सीट आवंटन का परिणाम 11 सितंबर को घोषित किया जाएगा।

*******************

जेपीएससी और जेएसएससी की भर्ती परीक्षाओं में कथित धांधली, पेपर लीक और नियुक्तियों में अनियमितताओं के विरोध में छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो की ओर से आयोजित भर्ती सुधार यात्रा दुमका के एसपी कॉलेज परिसर से निकाली गई। इस दौरान छात्र नेता ने कहा कि परीक्षाओं में गड़बड़ी के कारण राज्य के मूल आदिवासी और मूलवासी युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं।

*******************

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि नेपाल में बाढ़ के बाद से 320 भारतीय नागरिकों से संपर्क नहीं हो सका है। वहीं झारखंड के पलामू निवासी महेंद्र विश्वकर्मा नेपाल के पावर प्लांट से लापता हैं। इस बीच भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रवक्त प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि भारत नेपाल को हरसंभव सहायता उपलब्ध करा रहा है।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में लगातार हो रही बारिश के बाद मलेरिया के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने जिले में मलेरिया की रोकथाम और नियंत्रण के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित रूप से सघन जांच अभियान जारी रखने का निर्देश दिया है। बता दें कि पश्चिमी सिंहभूम जिला मलेरिया के मामलों में रेड जोन के रूप में चिन्हित है।

*******************

कृषि एवं मत्स्य विभाग की पहल पर देवघर जिले की महिलाओं को रंगीन सजावटी मछलियों के पालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। महिलाओं को स्वावलंबी और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से 'मत्स्य प्रसार प्रशिक्षण एवं अनुसंधान योजना' के तहत यह कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। जिला मत्स्य पदाधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि इच्छुक महिलाएं आवेदन कर इस योजना से जुड़ सकती हैं। चयनित महिलाओं को प्रशिक्षण के बाद आवश्यक किट और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 49 हजार 700 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख 48 हजार रूपये प्रति किलो है।

*******************

चतरा जिले के मयूरहंड में तस्करी के दौरान वाहन पलटने से एक दर्जन से अधिक मवेशियों की मौत हो गई जबकि तीन चार मवेशी घायल हो गए हैं। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में ले लिया और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

*******************

राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में अगले चार दिनों तक बारिश होगी। मौसम विभाग ने आज संथाल के दुमका, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद और कोल्हान के पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावां में कहीं–कहीं भारी बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है।

*******************

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की आज जयन्ती है। इस दिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर आज झारखंड के साथ ही देशभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भारतीय हॉकी की श्रेष्ठंतम प्रतिभा के रूप में मेजर ध्यानचंद आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं।

*******************

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी सिमडेगा और खेल विभाग की ओर से 21वीं मेजर ध्यानचंद सीनियर सिमडेगा जिला महिला एवं पुरुष हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन आज दोपहर 2 बजे सिमडेगा स्थित अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में किया जाएगा। इस चैंपियनशिप में महिला वर्ग की 18 और पुरुष वर्ग की 40 टीमों समेत कुल 58 टीमें हिस्सा लेंगी। इनके बीच कुल 128 मुकाबले खेले जाएंगे।

********समाप्त*********